

# लाइसेंस परमिट राज पर रखें लगाम : पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी :** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पर्यावरण अनुकूल प्रगति की वकालत करते हुए गुरुवार को कहा कि पर्यावरण को क्षति पहुंचाने से रोकने के लिए उचित नियामक मानदंड लागू करने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि लाइसेंस परमिट राज नही लौटने पाए। सिंह ने कहा कि मानदंडों का उल्लंघन करके प्रदूषण फैलाने वालों से कीमत वसूलने का सिद्धांत भी लागू किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि मानदंड बनाना ही काफी नही है। उन्हें लागू भी किया जाना चाहिए, जो अक्सर मुश्किल होता है। दिल्ली सतत विकास शिखर बैठक, 2011 के अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि किसी भी सतत विकास को सुनिश्चित करने की रणनीति का केंद्रीय सिद्धांत यह है कि आर्थिक पहलुओं का फैसला करने वाले सभी लोगों या संगठनों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाए कि वे पर्यावरण अनुकूल बातों को हमेशा ध्यान में रखें। इस शिखर बैठक में अन्य विशेषज्ञों के अलावा अफगानिस्तान, डोमिनिकन रिपब्लिक और सेशल्स के राष्ट्रपति भी हिस्सेदारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब पर्यावरण मंत्रालय ने पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करने वाली करोड़ों डालर की कई बड़ी परियोजनाओं को लाल झंडी दिखाई है। सिंह ने कहा, हमें ऐसी ढांचागत नियामक नीतियां बनानी होंगी जो पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले आचरण पर रोक लगा सके। नियामक मानदंडों को बना कर और उन्हें लागू करके हम ऐसा ही करने का प्रयास कर रहे हैं।